## खबर संक्षेप

### डॉ. सोहन ने संभाला उप निदेशक का कार्यभार

**करनाल।** करनाल में अभियोजन विभाग के उप निदेशक अभियोजन के पद पर डॉ. सोहन सिंह ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। इससे पूर्व वे हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में जिला न्यायवादी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। पदोन्नति के बाद उन्हें करनाल में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यालय पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. सोहन सिंह ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। टीमवर्क के माध्यम से अभियोजन कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। डॉ. सोहन सिंह के पदभार ग्रहण को अभियोजन विभाग के लिए नई दिशा और ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है।

### हवन कर पर्यावरण और विश्व शांति की कामना



**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला के देवधाम परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति और परिवारों में सुख-समृद्धि की कामना की गई। मुख्य यजमान के रूप में दुलियाराम शर्मा और ईश्वर सिंगला ने भाग लिया। पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं।

गऊशाला प्रधान सुनील गुप्ता ने बताया कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में गऊशाला का संचालन किया जा रहा है। यहां गायों की सेवा के साथ-साथ गौवंश के उपचार के लिए निशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यकारी प्रधान डॉ. एसके गोयल ने कहा कि हर पूर्णिमा और अमावस्या पर हवन यज्ञ की परंपरा निभाई जा रही है। विवेक अग्रवाल ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने पारिवारिक शुभ अवसरों पर भी हवन यज्ञ की परंपरा अपनाएं।

### बजट को देश की समृद्धि का रोडमैप बताया

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देशवासियों की समृद्धि का संकल्प है और इसमें किए गए प्रावधानों से समाज का हर वर्ग सीधे लाभान्वित होगा। किसान, व्यापारी, महिलाएं और विशेष रूप से युवा वर्ग इस बजट से उत्साहित हैं। युवाओं की शिक्षा के लिए एक लाख अट्ठाईस हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये का आवंटन नवाचार और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। बजट में डिजिटल शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप और शिक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र युवाओं के लिए शैक्षणिक ढांचे में बड़ा बदलाव साबित होंगे। गर्ल हॉस्टल की घोषणा महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा और रोजगार के बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है।

# 24 साल बाद होगा मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण

## अधिकारियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

*'योग्य मतदाता छूटे नहीं और अयोग्य का नाम रहे नहीं' के मंत्र पर होगा काम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव अधिकारियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें करनाल मंडल (करनाल, पानीपत व कैथल) के ईआरओ, एईआरओ के अलावा अन्य जिलों के तहसीलदार व चुनाव कानूनगो ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग से आए सचिव संतोष दुबे व पवन दीवान ने बताया कि हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करीब 24 साल बाद होने जा रहा है। इससे पहले प्रदेश में 2002 में एसआईआर किया गया था। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूचियों का पूर्ण शुद्धिकरण करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा या व्यवसाय के कारण जो लोग शहर बदल चुके हैं, उनकी मैपिंग की जाए। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार हर पात्र नागरिक को मतदान का हक मिले, यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। संयुक्त सीईओ राजकुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए अधिकारियों को बताया कि बुजुर्गों, बीमार और दिव्यांगों के लिए स्वयंसेवक तैनात किए जाएं और बिना जांच के किसी का नाम न काटें। इस बार फैमिली ग्रुपिंग पर भी जोर रहेगा ताकि एक ही परिवार के सदस्य एक ही बूथ पर मतदान कर सकें।



**करनाल।** एसआईआर को लेकरराज्य स्तरीय प्रशिक्षण में मौजूद चुनाव अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में डीआरओ ने मौके पर सुनीं 13 शिकायतें

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार व उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीआरओ मनीष यादव ने जनता की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निपटान के लिए कड़े निर्देश दिए।

- अधिकारियों की तय की जवाबदेही

डीआरओ ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि शिविर में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें करनाल से 5, घरौंडा से 4, नीलोखेड़ी व असंध से 2-2 शिकायतें शामिल थीं। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि आमजन बड़े विश्वास के साथ अपनी समस्याएं लेकर शिविर में आते हैं, इसलिए इन शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।

ये शिविर हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य रूप से बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) और बुढ़ापा पेंशन जैसी बाधाओं को मौके पर ही दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी सरकारी सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के लिए निर्धारित दिनों में शिविर का लाभ उठाएं।

### पांच दिवसीय कोर्स : डीएसपी गीतिका बोलीं

# सुरक्षित वातावरण से होगा महिलाओं का सशक्तिकरण



- महिला सुरक्षा पर पुलिस अधिकारियों की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मधुबन

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ. एस. राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में सोमवार को 'महिला सुरक्षा' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से 20 राजपत्रित व अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

अकादमी की निदेशक कला रामचंद्रन के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस कोर्स की निदेशक डीएसपी गीतिका ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित रखना पुलिस के प्राथमिक कर्तव्यों में शामिल है। किसी भी समाज की प्रगति वहां की महिलाओं की सुरक्षा पर टिकी होती है। जब महिलाओं को सुरक्षित परिवेश मिलता है, तभी उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे सशक्त बनती हैं। उन्होंने कहा कि इस 5 दिवसीय कोर्स के दौरान अधिकारियों को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, नए कानूनों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में गहनता से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस प्रशिक्षण का लाभ धरातल पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने में करेंगे।

# प्रतिभावान युवाओं को किया सम्मानित




**करनाल।** सम्मान समारोह में स्मृति चिह्न भेंट करते समाज पदाधिकारी।

- मानव सेवा संघ सभागार में आयोजित समारोह में शिक्षा, खेल व सरकारी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आहलूवालिया जायसवाल बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी की बैठक मानव सेवा संघ के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें समाज के प्रतिभावान युवाओं और विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप युवाओं को स्मृति चिह्न और उनके अभिभावकों को शॉल भेंट की गई। इसके साथ ही सरकारी सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

सोसाइटी के प्रधान अजय आहलूवालिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य समाज के बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मान से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर हेमंत वालिया, सुशील वालिया, मनोज वालिया, मनी जायसवाल, कमलकांत जायसवाल, अरविंद वालिया सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

*50 लाख की आएगी लागत*

# राजकीय विद्यालय में 5 कमरों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**इंद्री।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 5 कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक रामकुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्कूल के 5 कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने बताया कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में कुल 10 कमरों का निर्माण करवाया जाएगा जिनमें से आज 5 कमरों का निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि से अन्य 5 कमरों निर्माण होगा, जिनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि स्कूल में एक करोड़ रुपये की लागत से 10 कमरे बनाए जाएंगे, जिनमें लाइब्रेरी, फिजिक्स लैब व केमिस्ट्री लैब भी शामिल है। कमरों के आगे 7 फुट का बरामदा भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गांव भादसों के राजकीय स्कूल में में 10 कमरे, कलरी जगीर स्कूल में 8 कमरे, कलसौरा स्कूल में 1 कमरा व चारदीवारी, खेड़ी मान सिंह स्कूल में 12 कमरों सहित अन्य स्कूलों में निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। आज हरियाणा शिक्षा के हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। विद्यालयों के आधुनिकीकरण के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम मढ़ान, स्कूल प्रिंसिपल करनैल सिंह, जेई संजीव कुमार, नगरपालिका चेयरमैन राकेश पाल, विजय कश्यप, वीना, शशी कांता, कंवलजीत व अनुज गर्ग सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संवाद शिक्षा का अभिन्न अंग : प्रोफेसर केसुके फुकाया

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल का दिन बहुत खास रहा। आज जापान से अतिथि केसुके फुकाया का विद्यालय में आगमन हुआ। उनका यह दौरा तीन दिन की वर्कशॉप के लिए था। डॉक्टर केसुके फुकाया चुबू विश्वविद्यालय जापान में समकालीन शिक्षा के प्रोफेसर एवं समकालीन शिक्षा विभाग के अध्यक्ष हैं। वे लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एशिया और अफ्रीका स्टडीज में विजिटिंग स्कॉलर भी है। सर्वप्रथम उनके आगमन पर कार्यक्रम की शुरुआत दीप ज्योति प्रज्वलन से की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबका मन मोह लिया। प्रोफेसर केसुके फुकाया ने वर्कशाप के पहले दिन पांचवी, छठी, सातवीं कक्षा



के विद्यार्थियों को अपनी डिक्शनरी में शब्द खोजने और उन्हें स्टिकी लेवल से चिन्हित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार क्रियात्मक कार्य करने से सीखने का आनंद बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने लेक्सप्लोर डिक्शनरी बुक मार्किंग नामक अध्ययन पद्धति विकसित की है।

विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने सम्मानित अतिथि का परिचय करवाते हुए कहा कि हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि प्रोफेसर केसुके फुकाया आज हमारे बीच है। भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है। उनके द्वारा लिखित कृतियां सात वर्ष की आयु से शब्दकोश के साथ मस्तिष्क का विकास पर्यायवाची शब्दो का शिक्षार्थी शब्दकोश आदि शामिल है। कार्यक्रम का समापन अध्यापक वर्ग के वर्कशॉप के साथ हुआ।

## मानदेय भुगतान और पक्के कर्मचारी बनाने की मांग तेज

# आशा वर्कर्स 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल में होंगी शामिल

- वआशा वर्करों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आशा वर्कर यूनियन ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रोके गए मानदेय का तुरंत भुगतान करने और आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग उठाई है। निसिंग, इंद्री और नीलोखेड़ी ब्लॉक में पीएचसी स्तर पर बैठकों का आयोजन कर 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का एलान किया गया।

जिला सचिव सुदेश, जिला प्रधान नीरू, जिला केशियर कविता, सीमा और सुमन ने कहा कि आशा वर्कर लगातार फील्ड में काम कर रही हैं और रिकॉर्ड भी संभाल रही हैं। अब उन पर ऑनलाइन कार्य का अतिरिक्त दबाव डाला जा रहा है, जिससे नियमित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2023 की हड़ताल के दौरान काटा गया मानदेय तुरंत दिया जाए, अप्रैल 2025 से घोषित 1500 रुपये की बढ़ोतरी लागू की जाए और आशा वर्करों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए।



**करनाल।** हड़ताल का नोटिस सौंपती आशा वर्कर्स।

## कर्मचारियों ने स्कूलों में किया हड़ताल का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ की टीमों ने 12 फरवरी की हड़ताल को लेकर करनाल के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया। सेक्टर 13 कन्या विद्यालय, सेक्टर 14 प्राइमरी विद्यालय, सेक्टर 6, मॉडल टाउन, मंगलपुर, नेवल और कुंजपुरा स्कूल में शिक्षकों और कर्मचारियों से संपर्क किया गया।

जिला प्रधान सुशील गुर्जर और जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि सरकार की कर्मचारी और जनविरोधी नीतियों ने हड़ताल के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल संविधान, सामाजिक न्याय और जनसेवाओं को बचाने की निर्णायक लड़ाई है। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा और नई श्रम संहिताएं मजदूर विरोधी हैं। इस अवसर पर संजीव राणा, बिंदर, सतीश रमन, अमित, राममेहर और जिले सिंह पाल मौजूद रहे।



## न्यूज डायरी

### किसान सभा ने सदस्यता अभियान का लिया निर्णय



**करनाल।** किसान भवन में बैठक में विचार-विमर्श करते किसान नेता।

**करनाल।** अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी निसिंग की बैठक किसान भवन में नरेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला प्रधान गुलज़ार सिंह ने किया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए जिला सचिव डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि तहसील के गांव गोंदर, रणजीत नगर, अलीपुर, गुल्लरपुर, अमुपुर और चकदा में सदस्यता अभियान चलाकर युवा और महिला किसानों को संगठन से जोड़ा जाएगा। गांवों में कमेटियों का गठन कर स्थानीय मांगों की पहचान की जाएगी तथा मार्च 2026 में तहसील मुख्यालय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल में किसान-मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सुरेंद्र सिंह, सुखजिंदर सिंह, राजपाल ईशम सिंह पटवारी (सेवानिवृत्त) और जगदीश सिंह ने अपने सुझाव रखे।

### विधायक जगमोहन आनंद का हुआ स्वागत



**करनाल।** अखिल भारतीय खत्री समाज की करनाल इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें 8 फरवरी को पानीपत में होने वाली आगामी महासभा की तैयारियों को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष शेरू विग ने की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने महासभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान करनाल के विधायक जगमोहन आनंद का विशेष रूप से स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। महासभा के माध्यम से समाज की मांगों और भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा होगी। इस बैठक में करनाल अध्यक्ष सैम खत्री, जिला महामंत्री मन्नी चोपड़ा, युवा अध्यक्ष आकाश गेरा, नवदीप सिंह डावर, नितिन खन्ना और दीपक दुआ सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि करनाल से बड़ी संख्या में लोग पानीपत पहुंच सकें।

### बजट पुराने वादों की विफलता का दस्तावेजः लाठर

**करनाल।** करनाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपिंद्र लाठर ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट पुराने वादों की विफलता का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में हरियाणा और करनाल की पूरी तरह अनदेखी की गई है और करनाल का नाम तक नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। भाजपा बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों पर मौन है, जिससे आर्थिक असमानता और बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार केंद्र से प्रदेश के हितों के लिए प्रभावी पैरवी नहीं कर रही। भूपिंद्र लाठर ने कहा कि करनाल की जनता ट्रैफिक जाम, अपराध, जर्जर सड़कों और दूषित पेयजल जैसी समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन बजट में इन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। कांग्रेस ने इस बजट का विरोध किया है।

### फसल विविधीकरण पर किसान मेला आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के किसानों को फायदा सीधे उनके खाते में प्रत्येक एकड़ के हिसाब से देने के लिए किसान के हर एकड़ का पंजीकरण करवाया जा रहा है। सरकार द्वारा फसल विविधीकरण को लेकर किसानों को लगातार कई वर्षों से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वर्ष इस स्कीम के तहत जिले में 264 लाख का बजट अलॉट किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार एक ही फसल चक्र से जहां पैदावार कम हो रही है वहीं किसानों को होने वाली आय भी कम होती है। उन्होंने प्रदेश में विशेषकर गिर रहे जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों का आह्वान किया कि वे धान की फसल के स्थान पर अन्य फसलों का चयन करें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को जिला स्तरीय फसल विविधीकरण पर एक दिवसीय किसान मेला में बोल रहे थे। इस मेले में जिले के लगभग 800 किसानों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री ने देशभर में प्राकृतिक खेती को प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन पर उनका आभार व्यक्त किया व किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इसे अपनाने का आह्वान किया। मेले में प्रश्नोत्तरी के लिए 10 किसानों को पुरस्कार वितरण किए गए एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को फसल प्रबंधन पर अच्छा कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

## खबर संक्षेप

### वाहन चालकों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत यातायात पुलिस ने ट्रक यूनियन में विशेष जागरूक्ता कार्यक्रम आयोजित कर चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया, ताकि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इधर, थानेदार अनिल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क हादसों में काफी कमी आ जाएगी। वहीं, उन्होंने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर चालकों को जागरूक किया।

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस की टीम ने बाइक चोरी के दो आरोपियों दिलबाग पुत्र रणबीर व आशु पुत्र राजबीर निवासी गांव घसौली जिला पानीपत को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट लाकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की। चौकी प्रभारी अनिल ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में पट्टीकल्याणा गांव निवासी हिमांशु पुत्र मुकेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### ट्रांसपोर्टर के कातिलाना हमलावर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव महराणा में ट्रांसपोर्टर सी सुब्रहमणियम को गोलियां मार कर जान लेवा हमला करने के तीन आरोपियों सुमित, अंकित व टिंकू निवासी डाहर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने गत दिनों मुठभेड में पकड़े गए अपने तीन साथी आरोपियों नौल्था निवासी सुनील उर्फ गुंडा, डाहर निवासी प्रिंस और नाबालिग साथी आरोपी के साथ मिलकर उक्त जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। वहीं, थाना मॉडल टाउन में पन्ना पट्टी त्ररिची तमिलनाडू हाल निवासी हुडा सेक्टर 12 निवासी मोहन पुत्र करतमणि की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने देशराज कॉलोनी में सट्टा खाईवाली कर रहे शैंकी निवासी राम नगर, तहसील कैंप, पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर आरोपी के कब्जे से सट्टा में दाव पर लगी 2210 रुपये की नकदी बरामद की है। शैंकी पर थाना तहसील कैंप में हरियाणा सार्वजनिक जुआ निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार किया

**पानीपत।** पुलिस लाइन में सोमवार को पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया। वहीं, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स व डीएसपी यातायात सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य, अनुशासन व मानसिक स्वास्थ्य के लिए सूर्य नमस्कार बहुत ही उपयोगी है। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने 240 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों का अभ्यास कराया और इसके शारीरिक और मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

### घर से नगदी व जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला मोहाली निवासी अलियास के घर से चोरों ने बीस हजार की नगदी व सोने व चांदी से बने जेवर चोरी कर लिए। वहीं, पीड़ित परिवार उत्तर प्रदेश में मजदूरी करने गया था और पीछे से चोरों ने घर में चोरी कर ली। इधर अलियास की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलियास ने बताया कि चोरी की इस घटना से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### बिल्डर के खिलाफ हरेरा के आदेश

**पानीपत।** हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (एचआरईआरए) ने 'मैसर्स रियल हाइट्स डेवलपर्स' को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता जसवीर सिंह निवासी समालखा द्वारा जमा की गई कुल राशि 11,18,537 को निर्धारित ब्याज सहित तुरंत वापस करें।

---

### सिवाह गांव के अंबेडकर भवन में लाइब्रेरी खोली जाएगी: कादियान

# संत रविदास ने समानता, प्रेम मानवता का संदेश दिया : ढांडा

*रणदीप कादियान ने बताया कि अंबेडकर भवन में लाइब्रेरी खोली गई है, जहां पर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है।*



**पानीपत।** गांव सिवाह के अंबेडकर भवन में हरपाल ढांडा व रणदीप कादियान को सम्मानित करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह के अंबेडकर भवन में डा. अंबेडकर सोशल वेलफेयर समिति द्वारा गुरु रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई समाजसेवी हरपाल ढांडा ने शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान एवं सरपंच पति आर्य रणदीप कादियान ने की। वहीं, कार्यक्रम में हरपाल ढांडा व आर्य रणदीप कादियान का समिति के प्रधान मास्टर सुभाष चंद्र, महासचिव जोगेंद्र भोला, कैशियर सत्यवान रंगा व प्रदीप भोला आदि ने जोरदार स्वागत किया। इधर, हरपाल ढांडा ने अंबेडकर भवन के कोरिडोर का शुभारंभ करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश सामाजिक समरसता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है। संत रविदास ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने समाज को समानता, प्रेम व मानवता का संदेश दिया। हमे गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व देश हित में काम करना चाहिए। वहीं रणदीप कादियान ने बताया कि अंबेडकर भवन में लाइब्रेरी खोली गई है, जहां पर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है। वहीं, लड़कें व लड़कियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सभी मूलभूत सविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर समाजसेवी संदीप कादियान, ऐमिनेंट पर्सन सुरेश कादियान, राजकुमार राजू ठेकेदार, पंच जयदीप कादियान नंबरदार, लाभ सिंह कादियान, वेदपाल कादियान, धर्मबीर रिटायर्ड इंस्पेक्टर, सुभाष नरवाल डायरेक्टर समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### उद्यमियों को सशक्त सुरक्षित माहौल दे रही है पुलिस : एसपी

# कप्तान के साथ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की बैठक

## एसपी ने उद्यमियों के सभी सुझाव लागू किए

- औद्योगिक एसोसिएशन के साथ हर महीने के अंतिम रविवार को थाना में बैठक की जाएंगी



**पानीपत।** पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, उद्यमियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने, आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने और यातायात व अन्य समस्याओं को जानने और निवारण करने को लेकर शहर की इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं, बैठक में इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन लाल गर्ग महाराजा अग्रसेन चौक पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित व्यवस्था करने, थाना चांदनी बाग के नजदीक रिसालू रोड पर लोडिंग व अनलोडिंग के लिए शाम 8 से सुबह 8 बजे तक का समय निर्धारित करने, रिसालू रोड व कृष्णा गार्डन लेबर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, पुलिस व इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की हर तीसरे माह में बैठक करने का सुझाव दिया। एसपी सिंह ने बैठक में आए सभी सुझावों पर प्रर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव के कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरत है की पुलिस पब्लिक के बीच में बेहतर समन्वय बना रहे ताकि अपराध व अपराधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगा सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा सके। वहीं, एसपी सिंह कहा कि औद्योगिक एसोसिएशन के साथ हर महीने के अंतिम रविवार को थाना में बैठक की जाएंगी।

### पेंटिंग बनाने में झज्जर का राकेश प्रथम

**पानीपत।** वाराही क्रिएशन द्वारा आर्य समाज मॉडल टाउन में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राकेश शर्मा झज्जर, द्वितीय मोनिका वर्मा हिसार व तृतीय प्रत्याशी करनाल रही। सांत्वना पुरस्कार शिवानी पानीपत व कविता वर्मा हिसार ने प्राप्त किया। स्मरणीय है कि चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं विजेताओं को मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय चित्रकार विजेंद्र शर्मा, अदिति बजाज, रमेश वर्मा, डा.अनु कालड़ा, आरती शर्मा, डॉ.राजेश जांगड़ा ने पुरस्कृत किया।

### हड़ताल में भाग लेंगे श्रमिक

**पानीपत।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू मजदूर संगठन आदि भाग लेंगे। वहीं, पानीपत में हडताल को सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सभाएं कर रहे है। सभाओं को गुलशन भारद्वाज, शिवचरण, कश्मीर सिंह, सुनील दत्त, बंटी, नवीन सपड़ा, अमरीश त्यागी, डॉ.सुरेंद्र मलिक, नरेश कुमार, शीशपाल मलिक, रामकुमार, बिजेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

### जनता समाधान शिविर में डीसी ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जनसुनवाई की। वहीं, दहिया ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जिन स्थानों को चिन्हित किया गया है, वहां यदि किसी निजी संस्था या व्यक्ति द्वारा विज्ञापन लगाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आमजन की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है।

---

### विद्यार्थियों को संस्कारी इंसान बनाएं शिक्षक: भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



साध्वी राजेश्वरी भारती।

**दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को जागरूक किया**

आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के बोध प्रकल्प ने कुटानी रोड पानीपत में स्थित डॉक्टर आरके सीनियर सेकेंड्री स्कूल में विद्यार्थियों व शिक्षकों को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक किया। वहीं साध्वी राजेश्वरी भारती ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थ के विरुद्ध शपथ दिलाते हुए कहा कि नशे की लत इंसान के जीवन को बर्बाद कर देती है। वहीं नशे का दुष्प्रभाव समाज पर पड़ता है। इसके मद्देनजर सभी को मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए। वहीं, अनुशासन का महत्व बताते हुए साध्वी ने कहा कि जीवन में अनुशासन पालन करने से सफलता मिलती है। वहीं, अनुशासित जीवन से ही सद्गुण पैदा होते हैं विद्यार्थी सदाचारी बनते हैं अच्छे गुण विकसित होते हैं दूसरों की सहायता की भावना जागती है।

### भाषण प्रतियोगिता में रिया प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ.सुनीता ढांडा के निर्देशन में एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि भाषण प्रतियोगिता में भाग लेना केवल जीतने के लिए ही नहीं बल्कि एक वक्ता के रूप में विकसित होने और खुद को बेहतर बनाने की एक यात्रा है। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, मंच के डर को दूर करने, ज्ञानवर्धन, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम रिया, द्वितीय कोमल व तीसरे स्थान पर रितिका रही।

### शिक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाएं शिक्षक : प्रो. विजय



**समालखा।** पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समालखा में सर्वेक्षण करते शिक्षाविद्। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता एवं समझ के आंकलन के लिए समालखा के पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समालखा में सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान डाइट पानीपत के सहायक प्रोफेसर विजय कुमार एवं अजय अंतिम ने बताया कि यह सर्वेक्षण एससीईआरटी के निर्देशानुसार एवं प्रधानाचार्य डाइट पानीपत नीलम कुंडू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण के दौरान शिक्षकों से जो फीडबैक प्राप्त हुआ है उसमें शिक्षकों की समझ उनके ज्ञान एवं दृष्टिकोण में सकारात्मक वृद्धि हुई है। जिसके द्वारा शिक्षा को और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। इधर, प्राचार्या दुर्गा देवी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 कल्याणकारी है और इससे साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा।

---

### नेशनल एथलेटिक्स में विजय ने सिल्वर जीता

- पदक जीतकर कर हरियाणा व पानीपत का नाम रोशन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत की मुखिजा कालोनी निवासी एथलीट विजय गाहल्याण ने राजस्थान के अजमेर स्थित पटेल स्टेडियम में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर कर हरियाणा व पानीपत का नाम रोशन किया है। विजय गाहल्याण इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में आठ पदक तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 15 पदक अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजय ने यह साबित किया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मूल रूप से पानीपत के आट्टा गांव निवासी विजय गाहल्याण ने बताया कि वे वर्तमान में नौकरी के साथ-साथ खेल अभ्यास जारी रखे हुए हैं। नौकरी के बाद समय निकालकर वे पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नियमित रूप से जैवलिन थ्रो का अभ्यास करते हैं।

### यूजीसी के पक्ष में एससी, ओबीसी लोसुपा ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

यूजीसी कानून के समर्थन में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नमन करके प्रदर्शन किया। वहीं, सैनी सभा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सुभाष सैनी एडवोकेट ने कहा कि 13 जनवरी को प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जो यूजीसी बिल लेकर आए थे वह न्याय संगत था। इस बिल से एससी, ओबीसी के साथ होने वाला भेदभाव समाप्त करने का प्रयास किया गया है। वहीं, ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि यूजीसी कानून को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए।



**पानीपत।** यूजीसी के पक्ष में ज्ञापन देते हुए दलित, पिछडे वर्ग आदि के नागरिक।

**ये मौजूद रहे:** यूजीसी बिल का समर्थन करने वालों में राममेहर चालिया, पूनम, राजकुमार जीवन, सचिन पाल, सत्यवान काबड़ी, सूरत सिंह बावलिया, महावीर बावलिया, आदेश कुमार, मा.कृष्ण लाल, बिजेंदर, गोविंद सैनी, लख्मीचंद कश्यप, राजपाल कश्यप, कैलाश पाल, दरियाव सिंह कश्यप, रफल सिंह कश्यप, वीरेंद्र सैनी, सुरेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्याल खेल परिषद् की उपाध्यक्ष बनी डॉ. सुशीला



**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिषद् के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

- एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष है बेनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिषद् वर्ष 2026-27 के लिए हुए चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, डॉ. सुशीला बेनीवाल की जीत पर कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी। इसके साथ वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड की सदस्य भी बन गई। वहीं, एसडी कॉलेज के प्राचार्या डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि खेल मैदानों, सुविधाओं और जिमनेजियम के रख-रखाव के साथ-साथ बेहतर कोचिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना खेल परिषद् का जिम्मा होता है। वहीं, विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, दृढ़ता और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास भी करती है। उन्होंने कहा कि डॉ. सुशीला बेनीवाल ने कॉलेज के खेलों को भी नए आयामों तक पहुंचाया है और उन्हें आशा है कि वे इस नए दायित्व को भी मजबूती के साथ निभाएंगी।

---

### कबड्डी में गोल्ड व ब्रांज जीता, शूटिंग में सिल्वर मेडल व बॉस्केटबॉल में ब्रांज मेडल जीता

# आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों पर मेडल्स की बौछार

*विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया*



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के इसराना स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की पुरुष टीम ने गोल्ड व महिला टीम ने ब्रांज मेडल जीते। वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज की पुरूष कबड्डी टीम ने फाइनल में राजकीय महाविद्यालय इसराना की टीम को 42-35 के स्कोर से हराकर गोल्ड मेडल पर जीता। जबकि आर्य कॉलेज की महिला वर्ग की टीम ने कांस्य पदक जीत। उन्होंने बताया कि कुरूक्षेत्र के बीआर अंबेडकर इंस्टिट्यूट में इंटर कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप आर्य कॉलेज के राहुल व अंजलि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सिल्वर मेडल, पुरूष वर्ग की टीम का हिस्सा रहे राहुल, मनीष, हर्ष, विशाल ने ओवर ऑल सिल्वर मेडल जीता। जबकि महिला वर्ग की टीम ने इस प्रतियोगिता कांस्य पदक जीता। इसी प्रतियोगिता से राहुल का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सटी के लिए हुआ, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सटी गेम्स जो की मेरठ की सुभारती यूनिवर्सटी में हुए वहां पर राहुल ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। डॉ. गुप्ता ने अंत में बताया कि रोहतक के नेकीराम कॉलेज में राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें आर्य कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, कॉलेज की प्रबंधक समिति के उपप्रधान विरेंद्र शिंगला, प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता व कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।

### खेत मजदूर यूनियन ने रोष जताया

**पानीपत।** हरियाणा खेत मजदूर यूनियन की जिला कमेटी की ओर से मुख्य डाकघर के सामने विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण वी बी ग्राम जी की प्रति जला कर रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष का.दरियाव सिंह कश्यप, कानूनी सलाहकार का.पवन सैनी, ओम सिंह यादव, सतीश कुमार, नवल किशोर, नईम खान, कमल कुमार कश्यप, धीरज कुमार, रहमत अली आदि उपस्थित रहे।

### खेमयू के नए सदस्य बनाए

**समालखा।** पानीपत के गांव ढ़ोडपुर में अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन प्राथमिक ईकाई गांव कमेटी की बैठक हुई। वहीं, गांव कमेटी सदस्यों से चर्चा करते हुए यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने बताया कि ढोडपुर गांव में खेत मजदूर यूनियन का सदस्यता अभियान चलाया है। घर घर जाकर राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र और सरोज के नेतृत्व में 93 मजदूरों को सदस्यता दी गई।

